तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

साक्षरता व शिक्षा को बढ़ावा देने उल्लास रैली का आयोजन





# अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th / 12th / स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कमर्चारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की




संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक - गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)** Advt.


श्री शंकराचार्य
कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

## सड़कों पर आवारा मवेशियों की धरपकड़ बंद, शहर में लगे मवेशी मुक्त बोर्ड बने तमाशा

# पशुपालकों की लापरवाही या निगम की अनदेखी एनएच में चार मवेशियों की कुचलकर मौत




### खुले घूम रहे सांडों से लोगों को खतरा

शहर सहित गली-मोहल्लों में खुलेआम घूम रहे सांडों से लोगों को खतरा बना हुआ है। कई बार ये सांड आपस में लड़ते हुए राहगीरों सहित लोगों के उपर कूद पड़ते हैं। जिससे कई बार लोग घायल हो जाते हैं। शहर में हर दिन ऐसी स्थिति निर्मित हो रही है। इसके अलावा सांडों द्वारा खड़ी वाहनों को भी टक्कर मार कर नुकसान पहुंचाया जा रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पशुपालकों की लापरवाही और निगम के अनदेखी की सजा बेजुबानों और आम इंसान दोनों को मिल रही है। बीती रात जूटमिल थाना क्षेत्र के कोड़ातराई में ट्रक की चपेट में आकर 4 मवेशियों की दर्दनाक मौत हो गई, वहीं 3 गंभीर रूप से घायल हो गए।

इधर सड़कों पर आवारा मवेशियों को पकड़ने के बजाय नगर निगम प्रशासन व शहर सरकार ने अपनी आंखें मूंद ली है। इतना ही नहीं शहर में लगे मवेशी मुक्त क्षेत्र के बोर्ड भी तमाशा बन कर रह गए हैं। दरअसल शहर में आवारा मवेशियों की संख्या दिनोंदिन बढ़ती ही जा रही है। जिससे केवल यातायात बाधित नहीं हो रहा बल्कि दुर्घटनाएं भी बढ़ गई हैं। आए दिन दुर्घटनाओं में मवेशी व इंसान दोनों घायल हो रहे हैं और कइयों की जान भी जा रही है। खासकर रात के समय में सड़कों पर मवेशियों का झुंड बैठे रहने से दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है। हाईकोर्ट का सख्त निर्देश है कि ऐसे मवेशियों को नगर निगम द्वारा सड़क से हटा कर गौशाला या कांजीहाउस में शिफ्ट करते हुए पालतू मवेशियों को खुला छोड़ने वाले पशुपालकों पर कार्रवाई की जाए, लेकिन रायगढ़ में हाईकोर्ट के निर्देश का पालन भी नहीं हो रहा है। नगर निगम द्वारा शहर के कई स्थानों में मवेशी मुक्त क्षेत्र होने का बोर्ड तो लगा दिया गया है, लेकिन उन्हीं स्थानों पर मवेशियों का झुंड नजर आता है।

### राहगीरों ने ड्राइवर को पीटा और पुलिस को सौंपा



बुधवार की रात करीब 10.30 बजे जूटमिल थाना क्षेत्र के कोड़ातराई बीज भंडार के पास सड़क पर बैठे मवेशियों के झुंड पर रायगढ़ तरफ से जा रहे एक ट्रक के चालक ने वाहन चढ़ा दिया। जिससे 4 मवेशियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 3 मवेशी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना को अंजाम देकर भाग रहे लापरवाह वाहन चालक को स्थानीय लोगों दौड़ाकर पकड़ा और उसकी जमकर पिटाई की। इसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई। इसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घायल मवेशियों का प्राथमिक उपचार कराया। वहीं मृत मवेशियों को सड़क से हटवा कर यातायात बहाल किया गया। स्थानीय लोगों ने आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस ने आरोपी पर गैरजमानतीय धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर उसे रिमांड पर भेज दिया है।

### जंग खा रहा निगम का काउ केचर

नगर निगम के पास आवारा मवेशियों को पकड़ने के लिए काउ केचर भी है, लेकिन वर्तमान में वह निगम परिसर में पड़े-पड़े जंग खा रहा है। इस ओर न तो निगम प्रशासन का ध्यान है और न ही शहर सरकार को मवेशियों और लोगों के जान की फिकर है। इस तरह संसाधनों का भी उपयोग सही तरीके से नहीं हो पा रहा है। इस मामले में विपक्ष ने भी चुप्पी साध रखी है, जिससे शहर में चर्चाओं का बाजार गर्म है।

### करोड़ों की लागत से बना गोठान हुआ अनाथ

कांग्रेस शासनकाल में संबलपुरी में करोड़ों रुपए की लागत से गोठान तो बना दिया गया है, लेकिन सरकार बदलते ही यह गोठान अनाथ हो गया है। पूर्व में निगम प्रशासन द्वारा शहर की सड़कों से मवेशियों को पकड़ कर इसी गोठान में भेजा जा रहा था, लेकिन वर्तमान में गोठान में नहीं के बराबर ही गाय रह गए हैं। वहीं उनके चारा-पानी की व्यवस्था भी भगवान भरोसे है। दानदाताओं और गौ सेवकों औ चंदा से जैसे-तैसे गोठान का संचालन हो पा रहा है।

## मारपीट मामले के दो फरार आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**रायगढ़।** कोतवाली पुलिस ने मारपीट और हत्या के प्रयास के गंभीर मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं उनसे चाकू-डंडा जप्त कर उन्हें रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। घटना 23 जुलाई की है जब जोगीडीपा निवासी गोविंदा सारथी अपने दोस्त सचिन यादव के साथ रामझरना जल लेने गया था। देर रात करीब 3 बजे जब दोनों स्कूटी से लौट रहे थे तभी महिंद्रा शोरूम के पास आरोपियों ने अपनी कार और मोटरसाइकिल से उनका रास्ता रोक लिया। पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करते हुए आरोपियों ने हमला किया। इसी दौरान आरोपी पीपी सारथी ने चाकू से वार कर गोविंदा को गंभीर रूप से घायल कर दिया। आहत को जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज रायगढ़ रेफर किया गया। घटना के बाद आरोपी फरार हो गए थे, लेकिन 19 अगस्त को मोहल्ले में घूमते दोनों को पकड़ लिया गया। पूछताछ में दोनों ने अपने साथियों के साथ वारदात करना स्वीकार किया। आरोपी यशवंत सारथी के मेमोरण्डम पर घटना में प्रयुक्त चाकू और आरोपी अरविंद काक से बांस का डंडा बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपी पीपी उर्फ यशवंत सारथी पिता समीर सारथी निवासी जोगीडीपा तथा अरविंद काक पिता ललित काक निवासी रामभाठा रायगढ़ को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

## खबर संक्षेप

### सूने मकान से चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** कोतवाली पुलिस ने सूने मकान से गैस सिलेंडर और बर्तन चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक नाबालिग भी शामिल है। मामला 1 अगस्त का है जब चांदनी चौक धोबीपारा निवासी ज्योति बरेठ अपने मायके ग्राम मदनपुर खरसिया गई थी। 17 अगस्त को घर लौटने पर उन्होंने देखा कि मकान के छत का एलबेस्टर टूटा हुआ है और घर में रखे दो गैस सिलेंडर, चूल्हा, चार पीतल के घघरा, एक पंखा, एक तराजू और कांसे की थाली समेत करीब आठ हजार रुपए का सामान चोरी हो गया था। उनकी शिकायत पर कोतवाली थाने में अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया था। जांच के दौरान मुखबिर सूचना पर पुलिस ने संदेही चुडामणी उर्फ नानू बरेठ और एक किशोर को पकड़ा। पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि उन्होंने अपने अन्य साथियों के साथ ज्योति बरेठ के सूने मकान में चोरी की थी। आरोपी चुडामणी उर्फ नानू बरेठ ने चोरी के बंटवारे में मिले एक गैस सिलेंडर, पंखा और तराजू का ठिकाना बताया। उसकी निशानदेही पर नाले किनारे झाड़ियों से यह सामान बरामद किया गया। आरोपी चुडामणी उर्फ नानू पिता गोरे लाल बरेठ निवासी चांदनी चौक धोबीपारा रायगढ़ को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है, जबकि किशोर को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया। दो आरोपी फरार हैं जिनकी पतासाजी की जा रही है।

### संस्कार की प्रांजल का एमबीबीएस में चयन

**रायगढ़।** जिले की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था संस्कार पब्लिक स्कूल की छात्रा रही प्रांजल बेहरा का नीट एग्जाम में चयन होकर एमबीबीएस के लिए जगदलपुर मेडिकल कॉलेज एलॉट हुआ है। संस्था के मार्गदर्शक रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि ग्राम पांगसुआ तहसील पत्थलगांव, जिला जशपुर छग के निवासी वेदानंद आर्य एवं श्रीमती बिलास बेहरा की सुपुत्री प्रांजल बेहरा प्रारंभ से ही मेघावी छात्रा रही है।

# जांच के बाद बनेगा एनएच 49 का क्षतिग्रस्त पुल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



एनएच 49 में हैंडओवर के दो साल बाद ही पुल का स्लैब टूटकर नीचे गिर गया है। अब विभाग ने इसकी मरम्मत से पहले जांच के आदेश दिए हैं। दरअसल राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 49 बिलासपुर एनएच में स्थित भाठागांव-बरगढ़ के मध्य बोराई नदी पर बने तीन स्पैन वाले मध्यम पुल का पहला स्पैन क्षतिग्रस्त हो गया है। प्रशासन ने यात्रियों की सुरक्षा और संभावित जानमाल की हानि को ध्यान में रखते हुए एनएच से गुजरना प्रतिबंधित किया है। क्षतिग्रस्त पुल की मरम्मत एवं नवीन स्लैब की ढलाई का कार्य शीघ्र प्रारंभ करने का आदेश दिया गया था। पुल बंद रहने के दौरान भाठागांव से बरगढ़ तक 1.5 किमी लंबे पुराने एनएच को वैकल्पिक मार्ग बनाया गया है। मसनियाकला से रेंगालपाली के बीच 60 किमी एनएच का ठेका रामकी कंस्ट्रक्शन को दिया गया था। 298 करोड़ में काम रामकी को मिला था। 2023 में रोड का काम पूरा करने के बाद पीडब्ल्यूडी एनएच को हैंडओवर किया गया था, लेकिन दो साल में ही पुल क्षतिग्रस्त हो गया। बताया जा रहा है कि ठेका कंपनी को मरम्मत करने से अभी रोक दिया गया है। दो साल में ही पुल टूटने के कारण ईई एनएच ने जांच के आदेश दिए हैं। पुल क्षतिग्रस्त होने के बाद निर्माण एजेंसी रामकी को नोटिस दिया गया है। आईआईटी से विशेषज्ञों को बुलाकर जांच करवाई जाएगी। देखा जाएगा कि पुल का एक हिस्सा ही गुणवत्ताहीन है या पूरे पुल में दिक्कत है। जांच में पुल की गुणवत्ता खराब निकली तो ठेका कंपनी को पूरा पुल नए सिरे से बनाना पड़ेगा।

# दिल्ली में जानवरों से बदसलूकी, रायगढ़ में बेजुबान के कल्याण की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



### नया अध्याय शुरू होने की उम्मीद

समाज के इस सकारात्मक प्रयास से बेजुबान जानवरों के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का एक नया अध्याय शुरू होने की उम्मीद है। यह पहल न केवल पशु कल्याण को बढ़ावा देगी, बल्कि समाज में करुणा और एकजुटता को भी प्रोत्साहित करेगी।

दिल्ली एनसीआर और अन्य राज्यों में बेजुबान जानवरों के साथ हो रहे अत्याचार और उपेक्षा के खिलाफ एक सकारात्मक कदम उठाते हुए रायगढ़ के सामाजिक कार्यकर्ताओं और पशु प्रेमियों ने कलेक्टर तथा निगम महापौर के नाम ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में बेजुबान जानवरों के कल्याण के लिए ठोस और मानवीय उपायों की मांग की गई है, ताकि रायगढ़ शहर में मूक प्राणियों को सम्मानजनक जीवन मिल सके।

एनिमल लवर्स ने ज्ञापन में प्रमुख रूप से मांग की है कि बेजुबान जानवरों को शहर से बाहर छोड़ने या उनके साथ हिंसा की घटनाओं को रोका जाए। इसके बजाय इन जानवरों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित करने, उनकी देखभाल के लिए उचित व्यवस्था करने और समय-समय पर मेडिकल सुविधाएं उपलब्ध कराने की बात कही गई है। ज्ञापन में यह भी सुझाव दिया गया है कि इन जानवरों के लिए पौष्टिक भोजन और स्वच्छ पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि उनकी सेहत का ध्यान रखा जा सके। इसके अलावा ज्ञापन में शहर में पशु कल्याण के लिए समर्पित गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) की स्थापना और उनकी सक्रिय भागीदारी की मांग की गई है। ये संगठन बेजुबान जानवरों की देखभाल, टीकाकरण और आपातकालीन सेवाओं के लिए तत्पर रहेंगे। ज्ञापन में इस बात पर जोर दिया गया है कि इन कदमों से न केवल बेजुबानों का जीवन बेहतर होगा, बल्कि समाज में करुणा और मानवता का संदेश भी प्रसारित होगा। स्थानीय पशु प्रेमी और सामाजिक कार्यकर्ता ने कहा कि बेजुबान जानवर भी हमारे समाज का हिस्सा हैं। उनकी देखभाल करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। हम कलेक्टर साहब से अनुरोध करते हैं कि इस दिशा में त्वरित और प्रभावी कदम उठाए जाएं। यह निवेदन न केवल रायगढ़ शहर बल्कि पूरे राज्य में बेजुबानों के लिए एक सुरक्षित और सम्मान जनक भविष्य की उम्मीद जगाता है। कलेक्ट्रेट कार्यालय ने इस ज्ञापन पर विचार करने और जल्द ही उचित कदम उठाने का आश्वासन दिया है।

# समिति नहीं बनाने पर लगेगा 50 हजार तक का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

महिलाओं के कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण प्रतिषेध और प्रतितोष अधिनियम 2013 के क्रियान्वयन को लेकर रायगढ़ कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कलेक्टर ने सभी विभागीय कार्यालय प्रमुखों को निर्देश दिए कि जिन कार्यालयों में 10 या उससे अधिक अधिकारी-कर्मचारी कार्यरत हैं वहां आंतरिक शिकायत समिति का गठन अनिवार्य रूप से किया जाए। साथ ही जिन विभागों ने शासन को समिति गठन की जानकारी नहीं भेजी है वे तत्काल निर्धारित प्रारूप में जानकारी उपलब्ध कराएं। प्रशिक्षण में जिला कार्यक्रम अधिकारी एल.आर. कच्छप ने बताया कि अधिनियम की धारा 4 के अनुसार समिति का गठन नहीं करने पर संबंधित कार्यालय पर 50 हजार रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। समिति की संरचना में पीठासीन अधिकारी के रूप में कार्यस्थल की वरिष्ठ महिला अधिकारी, कर्मचारियों में से महिलाओं के लिए प्रतिबद्ध अथवा सामाजिक कार्य में अनुभव रखने वाली दो सदस्य तथा एक सदस्य किसी गैर-शासकीय संगठन से होंगे, समिति में आधे से अधिक महिलाएं सदस्य होना भी अनिवार्य होगा। समिति का कार्यकाल तीन वर्ष का होगा और गठन के बाद संबंधित कार्यालय में समिति के सदस्यों के नाम बोर्ड या फ्लेक्स पर प्रदर्शित करना भी जरूरी होगा।

## धरमजयगढ़ वन मंडल का मामला, नुकसान का आंकलन कर रहा विभाग

# हाथियों ने फसलों को रौंदा, दो मकान भी ढहाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



### मकान तोड़कर खाया धान

बीट गार्ड समीर तिर्की ने बताया कि बीती रात 1.30 बजे वनपरिक्षेत्र बाकारूमा साजापाली आरएफ क्रमांक 84 में स्थित बुधनाथ मांझी के घर को एक हाथी ने तोडकर वहां रखे धान को खाया है। पूरे मामले की जानकारी उच्चाधिकारियों को दे दी गई है। नुकसान का आंकलन कर मुआवजे की कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा गांव के ग्रामीणों को सतर्क रहने के लिये कहा गया है।

### हाथी ने बेबी को दिया जन्म



धरमजयगढ़ वनमंडल के जंगल में मादा हाथी ने एक बेबी एलिफेंट को जन्म दिया है। बेबी एलिफेंट का जन्म बाकारूमा रेंज के धौराभांठा बीट के जंगल में बुधवार सुबह करीब 3 बजे हुआ। इसकी जानकारी मिलने के बाद विभाग द्वारा ड्रोन से बेबी एलिफेंट की निगरानी कर रही है। इस समय वहां 12 हाथियों का झुंड घूम रहा था। जब सुबह वन विभाग की ट्रैकिंग टीम जंगल में गश्त कर रही थी, तब उन्हें जंगल के कक्ष क्रमांक 107 में खून के निशान और बेबी एलिफेंट के जन्म के बाद शरीर पर लगने वाली झिल्ली दिखी। इससे ट्रैकरों को समझ में आ गया कि झुंड में किसी हाथी ने बच्चे को जन्म दिया है।

जिले के धरमजयगढ़ वन मंडल के अलग-अलग रेंज में हाथियों ने जमकर उत्पात मचाते हुए जहां 20 किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाया है, वहीं दो ग्रामीणों के मकान को भी ढहा दिया है। जिसके बाद से प्रभावित गांव के ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

दरअसल धरमजयगढ़ वन मंडल में 115 हाथी अलग-अलग दल में विचरण कर रहे हैं, जिसमें 29 नर, 50 मादा के अलावा 36 हाथी शावक शामिल हैं। हाथियों के दल ने बीती रात 20 किसानों की फसल को नुकसान पहुंचाया है, जिसमें कोयलार, प्रेमनगर में 3, रूवाफूंल में 1, सिंघीझाप में 3, छाल, गड़ईनबहरी, बोजिया में 8, धौराभांठा में 3 के अलावा मदनपुर में 2 किसानों की फसल को नुकसान पहुंचाया है। इसी तरह बाकारूमा रेंज के साजापाली गांव में जंगल से भटककर गांव पहुंचे एक दंतैल हाथी ने दो ग्रामीणों के मकान को तोड़ दिया है। बताया जा रहा है कि इस दौरान बुधनाथ मांझी का परिवार अपनी जान बचाने के लिए अपने मकान को छोडकर पड़ोसी के गली के छिपे हुए थे।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI RAIGARH
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
उड़ीसा रोड़ , काशीराम चौक के पास, गढ़उमरिया, रायगढ़ (छ.ग.)
89595-93923 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### जनहानि के मामले में 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। कांसाबेल तहसील अंतर्गत ग्राम चेटब, निवासी लीलावती बाई का तालाब के पानी में डूबने से 15 जुलाई 2024 को मृत्यु हो गई। मृतिका के निकटतम वारिस उनके पति भदरा साय हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### पूर्व घोषित स्थानीय अवकाश में कलेक्टर ने किया परिर्वतन

**जशपुरनगर।** कलेक्टर ने सामान्य पुस्तक परिपत्र में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जशपुर जिले के लिए पूर्व में घोषित स्थानीय में परिवर्तन किया है। उन्होंने पूर्व में नवाखाई के अवसर पर 30 अगस्त दिन शनिवार को घोषित स्थानीय अवकाश को परिवर्तित करते हुए नवाखाई ऋषि पंचमी 28 अगस्त दिन गुरूवार को स्थानीय अवकाश घोषित किया है।

### जिला ग्रंथालय अवकाश के दिन में भी खुलेगा

**जशपुरनगर।** छात्रहित को ध्यान में रखते हुए अब जिला ग्रंथालय जशपुर समस्त अवकाश के दिन में भी प्रातः 5 बजे से रात्रि 11 बजे तक खुला रहेगा। विदित हो कि जिला ग्रंथालय में अध्ययन करने वाले छात्रों के द्वारा समस्त अवकाश के दिन में भी जिला ग्रंथालय खोले जाने का मांग किया गया है। जिसे ध्यान में रखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने कर्मचारियों को समस्त अवकाश के दिन कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया है। निर्देशानुसार नियमित रूप से जिला ग्रंथालय निर्धारित समय तक खुला रखेंगे। समस्त अवकाश के दिन ड्यूटी करने के उपरांत आगामी कार्य दिवस उदाहरणार्थ रविवार को यदि ड्यूटी किया गया है तो सोमवार को अवकाश होगा। शेष दिवस पूर्ववत होगी। अवकाश के दिन में जिला ग्रंथालय नहीं खुलने अथवा निरीक्षण के दौरान यदि कोई कर्मचारी बिना पूर्व सूचना व आवेदन पत्र तथा अवकाश स्वीकृत कराये बगैर अनुपस्थित पाया जाते हैं तो नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिस हेतु स्वयं जिम्मेदार होंगे।

### जिले में 1 जून से अब तक 7862.0 मिमी वर्षा

**जशपुरनगर।** जशपुर जिले में 1 जून से अब तक 7862.0 मिमी वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 21 अगस्त तक की स्थिति में 7438.8 मिमी औसत वर्षा हुई है। बीते दिवस जिले में 83.5 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक तहसील जशपुर में 878.8 मिमी, मनोरा में 990.1 मिमी, कुनकुरी में 1151.8 मिमी, दुलदुला में 477.1 मिमी, फरसाबहार में 607.4 मिमी, बगीचा में 840.7 मिमी, कांसाबेल में 735.8 मिमी, पत्थलगांव में 691.0 मिमी, सन्ना में 924.0 मिमी एवं बागबहार में 565.3 मिमी वर्षा हो चुकी है।

### विधायक उद्धेश्वरी ने सबाग में बने नए हाई स्कूल भवन का किया लोकार्पण

**कुसमी।** सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा की मुख्य आतिथ्य में आदिवासी सुदूर अंचल सबाग में 75 लाख 23 हजार की लागत से बने हाई स्कूल भवन का लोकार्पण फीता काट कर किया गया। इस अवसर पर सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा सहित अन्य अतिथियों ने कहा कि क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा लंबे समय से एक हाई स्कूल विद्यालय की मांग की जा रही थी जिसे आज पूरा किया गया। यहां के बच्चों को 20 से 25 किलोमीटर दूरी तय कर सामरी पाठ में हाई स्कूल विद्यालय की शिक्षा प्राप्त करने के लिए जाना पड़ता था। यहां विद्यालय को खुल जाने से अब समय से छात्र-छात्राएं अध्ययन कर अपने घर जा सकते है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में विकास हेतु कई योजनाएं चलाए जा रहे है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की विकास कार्य होने में कमी नहीं की जाएगी। लोकार्पण कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य हीरामुनी निकुंज, बसंती भगत, अशोक सोनी, विकास खंड शिक्षा अधिकारी रामपथ यादव, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी नन्द कुमार गुप्ता, विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार, जन्मजय सिंह, रामानंद यादव, लक्ष्मण पैकरा, राजेश्वर गुप्ता, अर्जुन यादव, मनी यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय स्वास्थ्य समिति की बैठक

# स्वास्थ्य केंद्रों में एंटी स्नेक वैनम व एंटी रैबीज दवाइयों की उपलब्धता करें सुनिश्चित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिला स्तरीय स्वास्थ्य समिति की बैठक का आयोजन कलेक्टर की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला कार्यालय सभाकक्ष में किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर ने 108 एवं 102 के अंतर्गत संचालित वाहनों के कार्यों की समीक्षा करते हुए समय पर सुविधा उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने 102 महतारी एक्सप्रेस की सुविधाएं 24 घंटे उपलब्ध कराने हेतु दो ड्राइवरों द्वारा शिफ्ट वार कार्य करवाने के निर्देश दिए।

- 108 व 102 के अंतर्गत संचालित वाहनों के कार्यों की समीक्षा की

उन्होंने मुख्यमंत्री मेडिकल यूनिट (एमएमयू) को विशेष पिछड़ी जनजाति के निवास क्षेत्रों में पहुंचा कर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने को कहा। मुक्तांजली वाहनों की उपलब्धता की समीक्षा कर उन्होंने खराब वाहनों को जल्द से जल्द ठीक कराने और तब तक वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए शिकायत निवारण तंत्र एवं आकस्मिक सुविधा हेतु हेल्पलाइन विकसित करने पर के निर्देश दिए, जिसके माध्यम से लोगों को सड़क दुर्घटना सहायता, दवाइयों की उपलब्धता, स्वास्थ्य सहायता आदि सुविधाओं के साथ फीडबैक की भी सुविधा प्राप्त हो। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की डायरेक्टरी निर्माण करने के भी निर्देश दिए। प्रत्येक गर्भवती महिला तक पहुंच हेतु चलाए जा रहे अभियान को कलेक्टर ने प्रभावी बनाने के लिए आउटरीच कार्यक्रम के तहत सीएचओ एवं मितानिन के माध्यम से समाज के बीच पहुंच कर लोगों में संस्थागत प्रसव, परिवार नियोजन, प्रसव पूर्व जांच के महत्व के प्रति जागरूकता लाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक गर्भवती महिला के निर्धारित तीन एएनसी चेकअप करवाकर सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करने को कहा।

उन्होंने सभी स्वास्थ्य केंद्रों में योजनाबद्ध तरीके से राष्ट्रीय क्वालिटी एसुरेन्स स्टैंडर्ड के तहत सुविधा उपलब्ध कराकर सर्टिफिकेशन प्राप्त करने को कहा। उन्होंने गैर संचारी रोगों से पीड़ितों की पहचान के लिए अधिक से अधिक जांच करने को कहा। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्रों में एंटी स्नेक वैनम एवं एंटी रेबिस दवाइयों की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने सभी स्वास्थ्य केंद्रों में इसकी उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। किसी भी मरीज को दवाइयों के कारण असुविधा ना हो इसके लिए इन दवाइयों के स्टॉक की जांच कराकर किसी भी प्रकार दवाई उपलब्ध कराने को कहा। इसके उपरांत भी यदि मरीजों को स्वयं से दवाइयां निजी दुकानों से खरीदने के लिए कोई बाध्य करता है तो उसके विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त आईआईटी बॉम्बे के पोषण मिशन, गर्भावस्था में योग, मानव संसाधन भर्ती, सिकलसेल उन्मूलन अभियान, राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम, मातृत्व स्वास्थ्य कार्यक्रम, शिशु टीकाकरण, एसएनसीयू संचालन, गर्भवती माताओं के टीकाकरण, तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम, कोटपा एक्ट के तहत कार्रवाई आदि पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सहायक कलेक्टर अनिकेत अशोक, डिप्टी कलेक्टर हरिओम द्विवेदी, सीएमएचओ डॉ जीएस जात्रा, सिविल सर्जन डॉ विनीत नंदनवार सहित सभी बीएमओ एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### जिले में 15 सितम्बर तक मनाया जा रहा बालिका सुरक्षा माह

कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में 14 अगस्त से 15 सितम्बर 2025 तक बालिका सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। आयोजित बालिका सुरक्षा माह में जिले के समस्त सरकारी एवं निजी विद्यालयों, छात्रावासों, महिला छात्रावासों, बाल देखरेख संस्थाओं, सखी केन्द्र, आंगनबाड़ी केन्द्रों में संबंधित विषय पर जागरूकता बढ़ाने कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिनमें निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण, वाद-विवाद कार्यकम, बाल संवाद, चर्चा सत्र, वाद-विवाद, नाट्य प्रस्तुति एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जाना शामिल है। बच्चों एवं किशारों में उनके अधिकारों, सुरक्षा, स्वास्थ्य, लैंगिंग समानता, बाल विवाह, उन्मूलन, नशामुक्ति, बाल संरक्षण आदि जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता बढ़ाने हेतु विद्यालय स्तर पर इन गतिविधियों का आयोजन अत्यंत प्रभावी साबित होते हैं। विधायक बच्चों के सामाजिक, मानसिक एवं नैतिक विकास का महत्वपूर्ण केंद्र होते हैं। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों में विषय के प्रति रुचि, समझ और संवेदनशीलता को बढ़ाना है, जिससे वे स्वयं जागरूक बनें एवं अपने परिवार और समुदाय को भी सकारात्मक संदेश दे सकें।

## बाइकर्स गैंग का वीडियो वायरल पुलिस ने निकाली हेकड़ी




हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर का बाहुबली बनने का शौक पालकर धारदार हथियार के साथ रैली निकालने वाले बाइकर्स गैंग की हेकड़ी पुलिस ने निकाल दी है। सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने के बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर पुलिस व साइबर सेल की टीम ने बाइकर्स गैंग की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कुल 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर मोटर व्हीकल एक्ट व अन्य धाराओं के तहत कार्रवाई की है जबकि दो युवकों के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराएं भी जोड़ी गई है। इसके साथ ही नाबालिग बाइकर्स के परिजन को नोटिस भेजा गया है और उनके ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित करने की कार्रवाई की जा रही है।

बता दें कि इन दिनों सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल हो रहा है जिम्सने 20 से अधिक बाइक पर 25-30 युवक तेज रफ्तार से उत्पात मचा रहे है और उन्होंने इसका वीडियो भी बनाया है जिसमे सुनाई मिर्जापुर वेब सीरिज का एक डायलोग भी सुनाई दे रहा है कि यहां के बाहुबली हम है। इस वायरल वीडियो में दो युवकों ने अपने मुंह में धारदार हथियार चाकू को पकड़ा है और लहरा रहे है। यह घटना 15 अगस्त को प्रतापपुर रोड की बताई जा रही है। इस दौरान बाइकर्स गैंग के उत्पात से आस पास के लोग सहमे हुए थे। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद एसएसपी राजेश अग्रवाल ने मामले को गंभीरता से लिया और वीडियो के आधार पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे।

## बोडाटोंगरी व बंदरचुआ में तसर पालन के संबंध प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

विज्ञान से व्यवहार तक शीर्ष से ज़िले के बोडाटोंगरी और बंदरचुआ में तसर पालन हेतु किसानों के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें 50 किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन केन्द्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान रांची की वैज्ञानिक-बी डॉ.निधि सुखिजा तथा सहायक निदेशक रेशम श्याम कुमार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एमआरएमए मेरा रेशम मेरा अभियान पर चर्चा से हुई।

- तसर पालन की वैज्ञानिक तकनीकों पर दी गई व्यावहारिक जानकारी

विशेषज्ञों ने समझाया कि "मेरा" शब्द का तात्पर्य है "हम इसे अर्जित करते हैं, जो किसानों में स्वामित्व और गर्व की भावना उत्पन्न करता है, जबकि "हमारा" केवल साझेदारी को दर्शाता है। तकनीकी सत्रों में तसर पालन की वैज्ञानिक तकनीकों पर व्यावहारिक जानकारी दी गई, जिसमें प्रारंभिक अवस्था से लेकर अंतिम अवस्था तक की पालन प्रक्रियाएं शामिल थीं। किसानों ने सक्रिय रूप से चर्चा में भाग लिया और देर अवस्था में होने वाले वाइरोसिस, चींटियों के हमले तथा अन्य प्रबंधन संबंधी समस्याओं पर अपने प्रश्न रखे। विशेषज्ञों ने इन चुनौतियों के समाधान हेतु वैज्ञानिक उपाय और रोकथाम के तरीके बताए, जिससे कीटों की जीवितता तथा कोया उत्पादन में सुधार हो सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक निदेशक हैंडलूम युगेश्वर बंजारे एवं ग्राम पंचायत सरपंच ने की। उन्होंने इस पहल की सराहना की और किसानों से वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाने की अपील किए। ताकि क्षेत्र में सतत रेशम कीट पालन को बढ़ावा मिल सके।

### युवती से छेड़छाड़ आरोपी युवक गिरफ्तार

**लखनपुर।** युवती से छेड़छाड़ के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 20 अगस्त को युवती ने थाने में आकर शिकायत दर्ज कराई थी कि 16 अगस्त को वह लखनपुर आई थी और फिर अपनी सहेली से घर जाने को बोला तो उसकी सहेली ने अपने रिश्ते के भाई हरिचरण तिग्गा को बाइक से उसके घर भेज दिया। इस दौरान आरोपी युवक युवती को उसके घर लेकर जाने के बदले बेलदगी पुलिया के पास सुनसान इलाके में ले गया और उसके साथ जबरन छेड़छाड़ करने लगा, उसके हाथ को मरोड़ दिया। युवती द्वारा विरोध करने पर आरोपी भाग निकला। युवती ने घटना की जानकारी परिजन को दी जिसके बाद 19 अगस्त को मामले थाने में शिकायत के बाद पुलिस ने बीएनएस की धारा 138, 74, 75 के तहत ग्राम बेलदगी उतारपारा निवासी 25 वर्षीय हरिचरण तिग्गा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



## मुख्यमंत्री की पहल से दुर्योधन को मिलेगा नया सहारा, रायपुर में होगा इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल से दुर्योधन राम की जिंदगी एक बार फिर नई मुस्कान से भर उठेगी। 10 वर्ष पूर्व हुए एक सड़क हादसे में दुर्योधन का दायां पैर काटना पड़ा था। मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय ने उनकी पीड़ा को समझते हुए उन्हें रायपुर इलाज के लिए भेजने का निर्णय लिया है, जहां उनके लिए कृत्रिम पैर लगाया जाएगा।

- 10 साल पुराने जख्म पर मरहम बनेगा कृत्रिम पैर

मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करने वाले ग्राम बोकी कारीताला निवासी दुर्योधन के लिए यह दुर्घटना मानो जीवन पर पहाड़ टूटने जैसा थी। परिवार की जिम्मेदारियों के बीच अच्छे अस्पताल में इलाज कराना उनके लिए बेहद कठिन था। उनकी सबसे बड़ी इच्छा यही थी कि उन्हें कृत्रिम पैर मिल सके ताकि उसे अपने कामकाज में आसानी हो। उन्होंने मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर अपनी व्यथा साझा की और कृत्रिम पैर लगवाने का निवेदन किया। आवेदन पर संजीदगी से संज्ञान लेते हुए कैंप कार्यालय ने तुरंत पहल की और उन्हें इलाज हेतु रायपुर भेजने का प्रबंध किया। अपनी खुशी व्यक्त करते हुए दुर्योधन राम ने कहा कि मुख्यमंत्री आम जनता की तकलीफों को अपना समझते हैं। कैंप कार्यालय हमेशा ही आम आदमी की मदद के लिए तत्पर रहता है। कैंप कार्यालय में स्वास्थ्य संबंधी समस्या से जूझते लोगों को मिलती है। यहां स्वास्थ्य की समस्या से जूझते बगिया पहुंचने वाले जरूरतमंद लोगों को हर संभव मदद भी सुनिश्चित की जाती है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिला प्रशासन ने सुलभ, त्वरित और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ₹स्वास्थ्य मितान हेल्पलाइन₹ की शुरुआत की है। यह हेल्पलाइन सेवा जिले के उन लोगों के लिए एक वरदान साबित हो रही है, जो लंबे समय से गंभीर बीमारियों या इलाज के अभाव में परेशान थे।सीएम कैंप कार्यालय बगिया में प्राप्त आवेदन अनुसार अब तक इस पहल के अंतर्गत 2856 मरीजों को इलाज के लिए आवश्यक चिकित्सकीय सलाह, दवाइयां, अस्पताल में भर्ती की सुविधा, रेफरल सेवा और आवश्यकतानुसार एंबुलेंस की व्यवस्था कराई जा चुकी है।

## हाथी के हमले से पूर्व चौकीदार की मौत, देर रात ग्रामीणों के साथ भगा रहा था गजराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

घुई वन क्षेत्र के ग्राम पंचायत बंगा गांव में बीती रात उस समय अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब देर रात हाथी गांव में आ धमका। इधर हाथी के उत्पात मचाने पर गांव के लोग हाथी को भगाने का प्रयास करने लगे तभी पूर्व चौकीदार का हाथी से आमना-सामना हो गया जिससे हाथी के हमले से पूर्व चौकीदार की मौके पर ही मौत हो गई। हैरानी की बात तो है कि क्षेत्र में लगातार हाथी के गांव में पहुंच रहे है बावजूद इसके हाथी निगरानी दल को हाथी का लोकेशन पता नही चल रहा है जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है और वन विभाग पर अनदेखी और लापरवाही का आरोप लगाया है। विकासखंड प्रतापपुर में हाथी के हमले से इंसानों की जान जा रही है वहीं वन विभाग लापरवाह एवं खामोश है। विभाग के अधिकारी कर्मचारी वनों की रक्षा तो दूर की बात है। हाथियों की निगरानी तक नहीं पा रहे जिसका खामियाजा क्षेत्र के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। प्रतापपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत बंगा गांव में बीती रात हाथी गांव में न सिर्फ पहुंच गया बल्कि ग्रामीण के घरों व फसलों को नुकसान पहुंचा। देर रात करीब 1 बजे सराय दाढ़ निवासी नाबालिक आ. लाल साय के घर को एक हाथी ने तोड़ डाला और घर को क्षतिग्रस्त किया। घर को तोड़ने के बाद में देर रात गांव में अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। ग्रामीण हाथी के गांव में आ जाने पर शोर मचाने लगे और हाथों में लाठी डंडा टॉर्च लेकर हाथी के पीछे-पीछे दौड़ने लगे।

- घरों व फसलों को पहुंचाया नुकसान, ग्रामीणों ने दहशत में गुजारी रात
- पीड़ित परिवार को वन विभाग ने उपलब्ध कराई सहायता राशि


हाथी द्वारा क्षतिग्रस्त घर, इनसेट में मृतक।

### घर के सामने से चोरों ने पार की बाइक

**अम्बिकापुर।** लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम जरहाडीह डेढौली पारा निवासी बुधन नामदेव आ. स्व. डेमुराम नामदेव (38 वर्ष) 9 मार्च को ग्राम असकला निवासी अमृत नागेश के यहां शादी विवाह के सबंध में बात करने बाइक क्रमांक सीजी 15 डीएफ 6601 से गया था। बाइक को घर के सामने खड़ा कर बातचीत करने लगा और 10 मिनट बाद बाहर निकला तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का पता नहीं चला तो गत दिन आरटीओ से बाइक का दस्तावेज निकलवा कर रघुनाथपुर पुलिस चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 3033 (2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

## प्रधान डाकघर का चेक स्कैनर कई दिनों से खराब होकर बंद पड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

पिछले करीब एक माह से प्रधान डाकघर अंबिकापुर में लगा चेक स्कैनर मशीन में तकनीकी खराबी आ जाने से संभाग के विभिन्न डाकघरों में लेनदेन का कार्य बड़ी तादात में प्रभावित हुआ है।डाकघर के स्थानीय एजेंटों ने बताया कि इस संबंध में कई बार आला अधिकारियों को निवेदन करने के बाद अब भी स्थिति जस की तस बनी हुई है।स्कैनर मशीन खराब हो जाने से डाकघर अभिकर्ताओं सहित ग्राहकों का समय पर चेक क्लियर नहीं हो पा रहा है जिससे भारी परेशानी बनी हुई है। अभिकर्ताओं ने बताया कि प्रधान डाकघर अंबिकापुर से पूरे सरगुजा संभाग के डाकघरों का काम काज संचालित होता है,विभिन्न शाखा के डाकघरों में पहुंचे चेक को क्लियरेंस के लिए अंबिकापुर प्रधान डाकघर भेजा जाता है,चेक क्लियर होने के बाद खातों में राशि का समायोजन हो जाने के बाद भुगतान होता है, मुख्यालय स्थित स्कैनर मशीन के खराब हो जाने से कई लाख का भुगतान होना लंबित है।अभिकर्ताओं ने यह भी बताया कि जब इस संबंध में जानकारी ली जाती है तो एक सधा हूआ जवाब मिलता है कि पुरानी मशीन खराब है, पंद्रह बीस दिनों में नई मशीन आनी है जिसके बाद ही काम पुनः शुरू हो पाएगा।

### लिखित में आदेश जबतक नहीं मिलेगा, हड़ताल रहेगी जारीः संघ

# एनएचएम कर्मियों की हड़ताल से जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर




छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ अमित मिरी के द्वारा जशपुर के समस्त एनएचएम कर्मचारियों को कहा गया कि जब तक शासन के द्वारा हमारे नियमितीकरण सहित 10 सूत्रीय मांगों के संबंध में लिखित में आदेश नहीं मिलता तब तक ना चाहते हुए भी हमारी हड़ताल जारी रहेगी।

- एनएचएम कर्मचारी 10 सूत्रीय मांगों के समर्थन में धरना-प्रदर्शन करते रहे

चार दिन बीत जाने के बाद भी शासन पक्ष से उक्त कर्मचारियों के हित में अभी तक किसी भी प्रकार की पहल नहीं की जा रही है। जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि शासन को कर्मचारियों के साथ-साथ आम जनता की भी फ़िक्र नहीं है, इसलिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने के कारण पूर्ण रूप से बाधित व बंद कई महत्वपूर्ण और जन हितकारी योजनाओं जैसेः- टीकाकरण, टीबी- कुष्ठ जांच, पोषण पुर्नवास, भौतिक चिकित्सा, गैर संचारी रोग, विशेष नवजात शिशु चिकित्सा इकाई, महामारी नियंत्रण इकाई का लाभ जनसामान्य को नहीं मिल पा रहा है। जहां चिकित्सा और शिक्षा जनसामान्य कि महत्त्वपूर्ण मांग और जरूरत है ऐसे में शासन का एनएचएम कर्मचारियों कि जायज मांगों कि सुध नहीं लेना समझ से परे है। कर्मचारी रंजीता स्टेडियम के पास धरने पर अपनी मांगों को लेकर बैठे हुए हैं।

## छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन का काम बंद कलम बंद हड़ताल




छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला जशपुर के जिला संयोजक संतोष टांडे, संरक्षक विनोद कुमार गुप्ता, सलाहकार संजू प्रसाद सोहन राम भगत, महासचिव राजेश कुमार अम्बष्ट, उप संयोजक जोगेंद्र प्रसाद यादव अजय कुमार गुप्ता, सचिव अविनाश शर्मा, कोषाध्यक्ष ओपी भारती सहित जिला कार्यकारणी पदाधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय आहान पर जिला जशपुर के समस्त अधिकारी कर्मचारी 22 अगस्त शुक्रवार को सामूहिक अवकाश में रहकर काम बंद कलम बंद हड़ताल जिला मुख्यालय जशपुर रणजीता स्टेडियम के पास धरना प्रदर्शन कर शहर के मुख्य मार्ग पर रैली निकाल कर 11 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन के नाम सौंपा जाएगा। क्योंकि फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा द्वारा 30 जून 25 को हड़ताल नोटिस मुख्यमंत्री मुख्य सचिव को देकर समय अवधि में मांग पूरा नहीं किए जाने पर 22 अगस्त को जिला मुख्यालय में हड़ताल किए जाने का अल्टीमेटम दिया गया था किंतु 11 सूत्रीय मांगों के विषय में शासन द्वारा आज पर्यंत फेडरेशन से ना तो कोई चर्चा किया गया ना कोई बैठक, ना ही मांगों पर कोई समाधान किया जो कि राज्य के कर्मचारी अधिकारी के साथ अन्याय और उपेक्षा शासन द्वारा किया जा रहा है।

## ध्वजारोहण कर हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**कांसाबेल।** कांसाबेल जिला जशपुर छग के प्रांगण में स्वतंत्रता दिवस को जीवन झरना संस्था मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर रीना, संस्था एनी व समस्त सिस्टर, सिलाई प्रशिक्षण लेने वाले विद्यार्थी व कार्यकर्ता के साथ मिलकर मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ ध्वजारोहण व राष्ट्रगान से किया गया। तत्पश्चात सिस्टर असुन्ता के द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने अंदर के डर को खत्म करके हर परिस्थितियों में आगे बढ़ने के लिए सन्देश दिया। सिलाई प्रशिक्षण ले रहे विधार्थी व जीवन झरना स्टॉफ द्वारा स्वतंत्रता दिवस से संबंधित नृत्य प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम की मुख्यअतिथि डॉक्टर रीना ने कहा कि स्वतंत्रता का अर्थ केवल आजादी नहीं है विचारों कि अभिब्यक्ति की आजादी है। जहां हर बच्चा पढ़ सके हर बेटी सुरक्षित हो हर नागरिक को समान न्याय व अधिकार मिले और हर दिल गर्व से कहे मैं भारतवासी हूं। अपने लक्ष्य को पाने के लिए कठिन परिश्रम करना पड़ता है और लगातार प्रयास से कुछ भी असंभव नहीं है इसलिए मेहनत ही सफलता की कुंजी है।



# नागार्जुन ने किया अपनी 100वीं फिल्म का ऐलान

**मुंबई।** रजनीकांत की हालिया रिलीज फिल्म कुली में सुपरस्टार नागार्जुन साइमन के किरदार में नजर आए हैं। फिल्म में अपने नेगेटिव किरदार को लेकर नागार्जुन को काफी तारीफें मिली हैं और लोगों को उनका कैरेक्टर काफी पसंद भी आया है। अब कुली के सिनेमाघरों में रिलीज होते ही नागार्जुन ने अपनी अगली फिल्म को लेकर एक बड़ी जानकारी साझा की है। ये उनकी 100वीं फिल्म भी होगी। जिसके बाद फैंस उन्हें नई भूमिका में देखने के लिए उत्साहित हो गए हैं। नागार्जुन ने बताया कि उनकी 100वीं फिल्म तमिल निर्देशक कार्तिक द्वारा निर्देशित होगी, जिसका टाइटल फिलहाल अभी के लिए 'किंग 100' है।

लाइफ Style

# कुब्रा

## कल्पना चावला की करना चाहती हैं बायोपिक

अभिनेत्री कुब्रा सैत जल्द ही काजोल के साथ 'ट्रायल सीजन 2' में नजर आएंगी। हाल ही में उन्होंने फिल्म सन ऑफ सरदार 2 में काम किया था। अपने ड्रीम रोल और बायोपिक को लेकर कुब्रा का कहना है कि अगर मुझे कोई रोल निभाना है तो मैं उसे खुद लिख सकती हूं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिलहाल मैं अपने किरदारों का आनंद ले रही हूं। बायोपिक के सवाल पर वो कहती हैं कि हां, अगर मौका मिले तो मैं कल्पना चावला की बायोपिक में उनका किरदार निभाने के लिए तैयार हूं। उनका जीवन, हौसला और उपलब्धियां बहुत प्रेरणादायक हैं। मुझे उम्मीद है कि उनके जज्बे और साहस को पर्दे पर उतारना मेरे लिए एक बेहद खास अनुभव होगा। यह मेरे लिए सिर्फ एक अभिनय का मौका नहीं, बल्कि सम्मान और प्रेरणा का भी कारण होगा। कुब्रा अब जल्द ही 'ट्रायल सीजन 2' में नजर आएंगी। इसको लेकर अभिनेत्री काफी उत्साहित हैं। इसके बारे में उनका कहना है कि मेरा किरदार बहुत सुंदर है और यह मेरे लिए एक शानदार अवसर है। काजोल के साथ काम करना बहुत खास है। उनकी एनर्जी और सरल स्वभाव मुझे प्रेरित करता है। मुझे हैरानी हुई कि काजोल को पढ़ने का बहुत शौक है और वह सिर्फ फिक्शन पढ़ती हैं। उनकी कल्पना बहुत रंगीन है और वे किसी भी बात को आसानी से समझ लेती हैं। उनके साथ काम करना मजेदार और प्रेरणादायक है। कुब्रा डेविड धवन के निर्देशन में बन रही फिल्म 'हैं जवानी तो इश्क होना है' में भी नजर आने वाली हैं।



हॉलीवुड मसाला




# विल की बेटी कृष्ण भक्ति में डूबीं

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्टर विल स्मिथ और उनकी वाइफ जेडा पिंकेट की बेटी विलो स्मिथ चर्चा में हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी आध्यात्मिक जर्नी की झलक दिखाई है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर फोटोज और वीडियो शेयर किए हैं। विलो ने बताया कि वो जन्माष्टमी पर आर्टिस्ट लोंड्रेल के रिलीज किए गए भक्ति गीत गोविंदा नाइट्स में नजर आ रही हैं। विल स्मिथ की बेटी विलो स्मिथ ने सोशल मीडिया पर अपने फॉलोअर्स को जन्माष्टमी सेलिब्रेशन की फोटोज दिखाई हैं।




# दिव्यांग सिंगर ने सुनाई शोषण की दर्दनाक आपबीती

**लॉस एंजिल्स।** स्पैनिश अमेरिकन सिंगर विक्टोरिया कैनल जो कोल्डप्ले के साथ परफॉर्म कर चुकी हैं, उन्होंने अपने साथ हुए दुर्व्यवहार को लेकर एक खुलासा किया। उनकी बातों ने म्यूजिक इंडस्ट्री को हिलाकर रख दिया है। आज के पॉप की दुनिया में होनहार युवा आवाजों में से एक, विक्टोरिया कैनाल एक जन्मजात बीमारी के साथ पैदा हुई थीं। इसके बावजूद, इस सिंगर ने अपनी इस प्रॉब्लम को अपनी जिंदगी में रोड़ा नहीं बनने दिया। उन्होंने अपने पोस्ट में कई और की शिकायतें शेयर की हैं और कैप्शन में लिखा है, 'मैं अपने स्टेटमेंट के बाद कोई और बयान देने का प्लान नहीं बना रही थी, क्योंकि मैं इस सब से आज़ाद होकर अपनी ज़िंदगी में आगे बढ़ने को लेकर बहुत खुश हूं। मुझे यह भी लगता है कि जिस इंसान ने मुझे बड़ा किया, वह मेरे पेज पर इतनी जगह पाने का हकदार नहीं है।'



# शेयर किया सिजलिंग हॉट वीडियो

**मुंबई।** बुधवार को नोरा फतेही ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक हॉट एंड सिजलिंग वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में नोरा बोल्ड लुक में नजर आ रही हैं। उनका यह वीडियो सोशल मीडिया पर फैंस के बीच जमकर वायरल हो रहा है। नोरा फतेही ने इंस्टाग्राम पर अपना एक बोल्ड एंड हॉट वीडियो शेयर कर फैंस को सरप्राइज कर दिया है। इस वीडियो में नोरा रेड क्रॉप टॉप के साथ डेनिम शॉर्ट्स में समंदर किनारे सिजलिंग पोज देती नजर आ रही हैं। इस शानदार वीडियो के साथ नोरा ने कैप्शन में लिखा, 'ओह मामा टेटेमा स्पॉटिफी चार्ट पर आगे बढ़ रहा है। धन्यवाद मेरे प्यारे... स्ट्रीमिंग करते रहो, उन्हें अपनी शक्ति दिखाओ।' नोरा फतेही और तंजानियाई कलाकार रेवनी ने अफ्रोबीट और देसी धुनों का मिश्रण करते हुए 'ओह मामा टेटेमा" रिलीज किया है।



# धर्मेंद्र-सनी और बॉबी आएंगे एक साथ

**मुंबई।** अभिनेता सनी देओल इन दिनों अपनी दो आगामी फिल्मों बॉर्डर 2 और रामायण को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। जबकि उनके भाई बॉबी देओल अल्फा को लेकर सुर्खियों में हैं। हालांकि, अब दोनों फिर से एक साथ एक ही फिल्म में नजर आ सकते हैं। दोनों फिल्म अपने 2 में एक साथ दिखाई देंगे। इसको लेकर अब फिल्म के निर्देशक अनिल शर्मा ने अपडेट दिया है। निर्देशक अनिल शर्मा ने अपने 2 को लेकर बात की और फिल्म से जुड़ी अपडेट भी साझा की। उन्होंने बताया कि फिल्म की स्क्रिप्ट तैयार है। निर्देशक ने कहा कि वो कई स्क्रिप्ट्स पर काम कर रहे हैं। अपने 2 इनमें से एक है। हालांकि, अपने 2 उनकी अगली ही फिल्म नहीं होगी। लेकिन, उन्होंने ये खुलासा जरूर किया कि अपने 2 बन रही है। स्क्रिप्ट पहले ही पूरी हो चुकी है।

टीवी मसाला



# केबीसी 17 में आदित्य कुमार खेलेंगे 7 करोड़ का सवाल

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन होस्टेड रियलिटी टीवी शो 'कौन बनेगा करोड़पति' का 17वां सीजन दर्शकों को जमकर एंटरटेन कर रहा है और अब अपकमिंग एपिसोड में फैंस को इस सीजन का पहला करोड़पति भी मिल जाएगा। उत्तराखंड के आदित्य कुमार ने 17वें सीजन के पहले करोड़पति बनकर इतिहास रच दिया है। शो के होस्ट अमिताभ बच्चन भी खुशी से झूम उठे और उन्होंने अपनी सीट से उठकर आदित्य कुमार को गले लगा लिया। अमिताभ बच्चन ने कहा कि उन्हें यकीन नहीं हो रहा कि आदित्य ने वाकई यह कर दिखाया है। शो का नया प्रोमो वीडियो जारी कर दिया गया है जिसमें आदित्य कुमार को 7 करोड़ रुपए के सवाल का सामना करते हुए दिखाया जाएगा। प्रोमो वीडियो में आदित्य की जिदंगी की कहानी दिखाई गई है कि कैसे वह उत्तराखंड से आते हैं और गुजरात के एक थर्मल पावर प्लांट में पोस्टेड हैं। आदित्य ने बताया कि वह सीआईएसएफ में डिप्टी कमांडेंट के पद पर तैनात हैं। उन्होंने एनएसई की परीक्षा में पूरे भारत में 6वीं रैंक हासिल की थी। वीडियो में आदित्य शिक्षा का महत्व समझाते नजर आ रहे हैं और अपनी उपलब्धियों के लिए शिक्षा को ही क्रेडिट देते हैं। आदित्य के सामने जब महानायक 7 करोड़ रुपए का सवाल रखते हैं तो वह कुछ पल के लिए सोच में पड़ जाते हैं, लेकिन फिर आदित्य कुमार कहते हैं कि 'रिस्क लेंगे सर।' अमिताभ बच्चन इस मामले की गंभीरता को समझ रहे होंगे और वह भारी आवाज में आदित्य कुमार से कहेंगे कि आखिरी फैसला आपका ही है। तो क्या आदित्य कुमार 7 करोड़ के सवाल पर रिस्क लेकर पहले 7 करोड़ जीतने वाले खिलाड़ी भी बन जाएंगे?

## बिग बॉस 19 में नजर आएंगी ये एक्ट्रेस



**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं। सलमान खान का रियलिटी शो जल्द ही शुरू होने वाला है। ऐसे में कई कथित नामों की चर्चा है जो इस साल शो का हिस्सा हो सकते हैं। इन नामों की सूची में बिग बॉस 18 के कंटेस्टेंट विवयन डीसेना की एक्स वाइफ का नाम भी शामिल हो गया है। फैंस इस नाम को सुनने के बाद कह रहे हैं कि इन्हें पिछले सीजन में ही आना चाहिए था। कई फैंस वाहबिज दोराबजी का नाम सुनकर उत्साहित हैं। विवियन डीसेना की एक्स वाइफ वाहबिज दोराबजी को सलमान खान के शो के लिए अप्रोच किया गया है। मेकर्स अभी उन्हें शो में हिस्सा लेने के लिए मना रहे हैं। अगर सब चीजें ठीक रहती हैं तो वाहबिज दोराबजी इस साल बिग बॉस के घर में नजर आ सकती हैं। बाहबिज ने कहा कि उन्हें कई सालों से बिग बॉस का ऑफर आ रहा है। लेकिन, पहले कुछ फाइनल नहीं हो पा रहा था, इस वजह से वो अब तक शो का हिस्सा नहीं बन पाई हैं।

# हुमा ने रानी भारती के अवतार में शेयर की तस्वीर

*मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस हुमा कुरैशी इन दिनों अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित पॉलिटिकल ड्रामा वेब सीरीज 'महारानी' के सीजन चार को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। बुधवार को हुमा ने सीरीज को लेकर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसने फैंस की उत्सुकता को और अधिक बढ़ा दिया है। इस पोस्ट में हुमा लंदन में पोज देती नजर आ रही हैं। इस पोस्ट के साथ हुमा ने एक खास नोट भी लिखा है। हुमा ने इंस्टाग्राम पर अपनी शानदार तस्वीर को शेयर किया। इस तस्वीर में हुमा लंदन के बिग बेन की दूसरी तरफ खड़ी नजर आ रही हैं। बिग बेन को आधिकारिक तौर पर एलिजाबेथ टॉवर के रूप में जाना जाता है। रानी भारती के अवतार में हुमा साड़ी के साथ ओवरकोट में पोज देती नजर आ रही हैं। इस पोस्ट के साथ हुमा ने कैप्शन में लिखा, 'महारानी ने लंदन पर कब्जा कर लिया है...भारत के सबसे पसंदीदा शो का सीजन 4 लोड हो रहा है... जल्द आ रहा है।' महारानी वेब सीरीज का चौथा सीजन जल्द ही सोनी लिव पर रिलीज होने वाला है। इस सीजन में हुमा कुरैशी एक बार फिर से रानी भारती के रूप में वापसी करेंगी, जो बिहार की राजनीति में एक महत्वपूर्ण किरदार निभाती हैं।*



# 200 करोड़ की इस फिल्म में एक हीरो के साथ नजर आएंगी पांच टॉप हीरोइनें

**नई दिल्ली।** 200 करोड़ का बजट है। 6 भाषाओं में ये फिल्म रिलीज होगी। इस फिल्म में एक हीरो है और उसके साथ 5 हीरोइनें नजर आएंगी। क्या इस फिल्म का नाम आप जानते हैं? अगर नहीं तो लीजिए हम आपको बताते हैं। ये फिल्म केजीएफ एक्टर यश की 'टॉक्सिकः ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स' है। यश की 'टॉक्सिक' में पांचवीं हीरोइन कौन होगी, इस सस्पेंस से परदा अब हट चुका है। खबर पक्की है कि एक्ट्रेस रुक्मिणी वसंत शुरू से ही फिल्म का हिस्सा थीं, बस मेकर्स ने जानबूझकर उनकी एंट्री को गुपचुप रखा था। सूत्रों की मानें तो रुक्मिणी ने पहले ही मुंबई शेड्यूल में यश के साथ कई सीन शूट कर लिए हैं और अब उनके हिस्से की बस कुछ दिन की शूटिंग बाकी है। केजीएफ एक्टर यश की 'टॉक्सिक' से जुड़े सूत्रों ने बताया कि फिल्म की कहानी हमेशा से दमदार फीमेल किरदारों पर टिकी हुई है और रुक्मिणी वसंत का रोल भी उतना ही स्ट्रॉन्ग है। वो कहानी में जबरदस्त असर लेकर आती हैं। टीम चाहती थी कि ये सरप्राइज आखिर तक बना रहे, इसलिए उनका नाम अभी तक छुपाया गया था.' रुक्मिणी वसंत की उम्र 28 साल है।



## रुक्मिणी भी जुड़ गईं हैं टॉक्सिक में

अब रुक्मिणी भी जुड़ गईं हैं टॉक्सिक की शानदार हीरोइनों की लाइन-अप में, जिसमें पहले से ही कियारा आडवाणी, नयनतारा, तारा सुतारिया और हुमा कुरैशी जैसी स्टार्स शामिल हैं। हर कोई फिल्म के नैरेटिव को और गहराई देने वाला है। गीतू मोहनदास के निर्देशन में बन रही ये फिल्म फिलहाल मुंबई में शूट हो रही है और इसकr वर्ल्डवाइड रिलीज़ डेट फिक्स है, 19 मार्च 2026। साथ ही ये एक माइलस्टोन भी है क्योंकि टॉक्सिक पहली बड़ी फिल्म है जो एक साथ कन्नड़ और इंग्लिश में शूट हो रही है और फिर हिंदी, तेलुगु, तमिल और मलयालम में डब होकर रिलीज होगी। कन्नड़ इंडस्ट्री से ताल्लुक रखने वाली रुक्मिणी वसंत पहले ही सप्ता सागरदाचे एलो से तारीफें बटोर चुकी हैं। उनके पास आगे भी मधरासी, कंतारा चैप्टर 1 और एनटीआर की फिल्म जैसे बड़े प्रोजेक्ट हैं। टॉक्सिकः ए फेयरीटेल फ़ॉर ग्रोन-अप्स का प्रोडक्शन वेंकट के. नारायण (केवीएन प्रोडक्शंस) और यश (मॉन्स्टर माइंड क्रिएशन्स) मिलकर कर रहे हैं।

## रोमांस, मासूमियत और खुशनुमा अहसास से भरे ये गाने बीते दौर की दिलाते हैं याद

# 52 साल पुराना वो रोमांटिक गाना, जिसको सुनते ही चेहरे पर छा जाती है मुस्कान

### इस गाने ने जीत लिया था सबका दिल

कुछ गाने तो ऐसे हैं जिन्हें सुनते ही चेहरे पर मुस्कान आ जाती है। उनमें एक अलग ही मिठास होती है, जैसे दो लोगों के बीच प्यारी नोकझोंक या प्यार से भरी खटी-मीठी बातें हो रही हों। इन गानों की धुन दिल को सुकून देती है और सिंगर की आवाज सुनते ही मानो पूरी कहानी सामने आ जाती है। सोशल मीडिया और यूट्यूब पर ऐसे गाने आज भी वायरल होते रहते हैं, जिन्हें नई और पुरानी दोनों पीढ़ियां खूब पसंद करती है। ऐसा ही एक गाना 5 दशक पहले आया था, जिसने सबका दिल जीत लिया था।

### किशोर कुमार और आशा भोसले ने दी थी आवाज

ये गाना आज से 54 साल पहले आया था, जिसने लोगों के दिलों में अपनी खास जगह बना ली थी। इसे अपनी मजेदार धुन और रोमांटिक अंदाज के लिए बहुत पसंद किया गया था। गाने में हीरो-हीरोइन की छेड़छाड़ और प्यारी भरी नोकझोंक को बेहद खूबसूरती से दिखाया गया था। इस गाने को किशोर कुमार और आशा भोसले ने अपनी आवाज दी थी, जबकि म्यूजिक दिया था मशहूर जोड़ी शंकर-जयकिशन ने। हम यहां 1971 में आई फिल्म 'कल आज और कल' के एक सबसे फेमस गाने के बारे में बात कर रहे हैं।



*नई दिल्ली। बॉलीवुड में कई ऐसे गाने बने हैं जो समय बीत जाने के बाद भी लोगों के दिलों में बसे हुए हैं। रोमांस, मासूमियत और खुशनुमा अहसास से भरे ये गाने बीते दौर की याद दिलाते हैं। उस जमाने में भी ये गाने लड़के-लड़कियों की पहली पसंद हुआ करते थे और उनके दिलों में बस जाते थे. आज भी लोग इन्हें सुनकर पुराने दिनों में खो जाते हैं। आज हम आपको ऐसे ही प्यारे से गाने की याद दिलाने जा रहे हैं, जिसको जितनी बार सुना जाए कम ही लगता है।*

### फिल्म में एक साथ नजर आई थी कपूर खानदान की तीन पीढ़ी

इस गाने को रणधीर कपूर और बबिता पर फिल्माया गया था, जो काफी समय से उनका इंतजार कर रही थीं, लेकिन वो उसने मिलके के लिए लेट हो जाते हैं। जिसके बाद उनकी प्यार भरी नोकझोंक शुरू हो जाती है। वहीं, अगर फिल्म 'कल आज और कल' की बात करें तो इसको रणधीर कपूर ने ही डायरेक्ट किया था। इसमें राज कपूर, प्रिथ्वीराज कपूर, रणधीर कपूर और बबिता जैसे कलाकार एक साथ नजर आए थे। ये फिल्म उस समय काफी चर्चा में रही थी, क्योंकि पहली बार कपूर परिवार की तीन पीढ़ियां एक ही पर्दे पर दिखाई दी थीं.

### आज भी इस गाने को किया जाता है खूब पसंद

उस दौर में इस फिल्म के कई गाने फेमस हुए थे, जिनमें से एक 'आप यहां आए किसलिए' भी था। इस गाने को कवि नीरज ने लिखा था, जिनके शब्दों ने इसे और खास बना दिया। उस दौर में ये गाना हर किसी की जुबान पर था और रेडियो से लेकर पार्टियों तक, हर जगह गूंजता रहता था। आज भी जब ये गाना बजता है, तो लोग खुद को रोक नहीं पाते और झूम उठते हैं। यूट्यूब पर भी इस गाने को करोड़ों लोग देख चुके हैं। सबसे दिलचस्प बात ये है कि नई पीढ़ी भी इसे उतना ही पसंद कर रही है, जितना पुरानी पीढ़ी।

### फ्लॉप हो गई थी ये फिल्म

फिल्म की कहानी पीढ़ियों के बीच सोच के टकराव और परिवार के मूल्यों पर आधारित थी। हालांकि, ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह से फ्लॉप हो गई थी, लेकिन अपने गानों की वजह से इसको पॉपुलैरिटी मिली थी। खासकर 'आप यहां आए किसलिए' गाने ने फिल्म को पहचान दिलाने में बड़ी भूमिका निभाई थी। ये गाना सिर्फ एंटरटेनमेंट नहीं, बल्कि उस दौर की इनोसेंस और रोमांटिक अंदाज की झलक है। आज भी ये गाना पुराने गानों की लिस्ट में सबसे ऊपर आता है और भारतीय सिनेमा की अमर धरोहर माना जाता है।

## खबर संक्षेप

### 13 सितम्बर को होगा नेशनल लोक अदालत

**रायगढ़।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार आगामी 13 सितम्बर को जिले सहित पूरे देश में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस लोक अदालत में सभी प्रकार के राजीनामा योग्य लंबित मामलों का आपसी सहमति से निराकरण किया जाएगा। इनमें जलकर, संपत्ति कर, टेलीफोन बिल, विद्युत बिल, न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरण, चेक बाउंस, उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण संबंधी मामले और राजस्व न्यायालय के प्रकरण शामिल रहेंगे। आयोजन से लोगों को न्यायालयीन प्रक्रिया से बाहर निकलकर त्वरित, सुलभ एवं सस्ती न्याय प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। साथ ही पक्षकारों के बीच आपसी सहमति से विवाद का निपटारा होने से समय और धन दोनों की बचत होगी।

### शराब बिक्री करते युवक को जोबी पुलिस ने दबोचा

**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर जिलेभर में अवैध शराब पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कल चौकी जोबी प्रभारी सहायक उप निरीक्षक लक्ष्मी राठौर के नेतृत्व में ग्राम खड़गांव में छापेमारी की गई। चौकी प्रभारी को सूचना मिली थी कि गांव का बलदेव सिंह राठिया अपने घर के बाहर बरामदे में अवैध शराब की बिक्री कर रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर रेड कार्रवाई की, इस दौरान शराब पीने वाले लोग पुलिस को देखकर मौके से भाग खड़े हुए। वहीं आरोपी बलदेव सिंह राठिया पिता जेठूराम उम्र 43 वर्ष निवासी खड़गांव को मौके पर शराब बेचते रंगे हाथ पकड़ा गया। उसके कब्जे से 10 लीटर हाथ मट्ठी महुआ शराब, 250 एमएल की क्षमता वाले 2 नग स्टील गिलास जिनमें शराब की गंध थी, 2 बोरी में भरा महुआ लहान तथा बिक्री की रकम 90 रुपए बरामद की गई।

### शिक्षकों की कमी को लेकर छात्र छात्राओं ने स्कूल में जड़ा ताला

**मालखरौदा।** स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मालखरौदा के छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों की मांग को लेकर मोर्चा खोल दिया। उन्होंने स्कूल के मुख्य गेट पर ताला जड़ दिया और सभी सड़क पर बैठ गए। खबर मिलते ही पुलिस व प्रशासन के साथ शिक्षा विभाग के अधिकारी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बच्चों को समझाइश दी और शीघ्र शिक्षकों की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया। तब जाकर मामला शांत हुआ। गौरतलब है कि स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय मालखरौदा में 2022 से हिंदी माध्यम में शिक्षकों की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। यहां हिंदी मध्यम स्कूल के यू डाइस कोड में अंग्रेजी माध्यम का संचालन किया जा रहा है। इस बीच हिंदी मध्यम स्कूल में शिक्षकों कीव्यवस्था किये जाने की मांग लगातार हो रही है। इसी मांग को लेकर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को पिछले दिनों ज्ञापन सौपा गया था, लेकिन उस पर ध्यान नहीं दिया गया। ऐसे में बुधवार 20 अगस्त को सुबह 7 बजे से ही स्कूल के छात्र-छात्राओं ने गेट पर ताला लगाकर स्कूल के बाहर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया।

### गांजा तस्करी पर कोतवाली पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# ओडिशा से रायगढ़ में खपाते थे नशे का पैकेट, महिला सप्लायर भी शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ पुलिस को नशे के कारोबार पर बड़ी सफलता मिली है। कोतवाली पुलिस ने ओड़िशा से गांजा लाकर बेचने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में एक पुरुष और एक महिला शामिल है। दोनों के पास से कुल 5.244 किलो गांजा और दो मोबाइल फोन समेत 80 हजार रुपये से अधिक की संपत्ति बरामद की गई है। पुलिस ने इस कार्रवाई को जिले में नशे के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान की बड़ी उपलब्धि बताया है।

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम और नगर पुलिस अधीक्षक मयंक मिश्रा के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी कोतवाली सुखनंदन पटेल ने विशेष टीम गठित कर कार्रवाई की। सूचना मिली थी कि ओड़िशा के बृजराज नगर का रहने वाला पिन्टु बेहरा रायगढ़ के बापूनगर में अपने रिश्तेदार के घर पर गांजा रखकर बिक्री कर रहा है। पुलिस की टीम ने उप निरीक्षक ऐनु देवांगन के नेतृत्व में दबिश दी और आरोपी पिन्टु बेहरा (26 वर्ष, निवासी रामपुर कोलियारी, जिला झारसुगुड़ा, ओड़िशा) को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से 3.322 किलो गांजा (कीमत लगभग 36 हजार रुपए), एक रेडमी मोबाइल और नगद रकम जब्त की गई।



**कार्रवाई में शामिल टीम**

इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी सुखनंदन पटेल, उप निरीक्षक ऐनु देवांगन, एएसआई गौतम सिंह ठाकुर, आरक्षक मनोज पटनायक, कमलेश यादव, रोशन एक्का और महिला आरक्षक परसीना टोप्पो की सक्रिय भूमिका रही।

**दोनों आरोपी गिरफ्तार**

पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वह जोगीडीपा की महिला रागिनी शर्मा उर्फ करेला के साथ मिलकर गांजे की सप्लाई करता है। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने रागिनी शर्मा (40 वर्ष, निवासी जोगीडीपा, रायगढ़) को भी दबोच लिया। उसके पास से 1.922 किलो गांजा (कीमत 24 हजार रुपए) और एक पोको मोबाइल फोन बरामद किया गया। आरोपी ने यह भी स्वीकार किया कि हाल ही में उसने दो पैकेट गांजा 8 हजार रुपए प्रति किलो की दर से बेचा था। दर्ज हुआ एनडीपीएस एक्ट का मामला पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 419/2025, धारा 20(बी), 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। थाना प्रभारी कोतवाली सुखनंदन पटेल ने कहा कि शहर और आसपास में नशे का कारोबार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुखबिरों और टीम की सतर्कता से यह सफलता मिली है।

## किशोरों को नशा बेचने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जूटमिल पुलिस ने किशोरों को नशा सामग्री बेचने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से 35 सुलेशन ट्यूब जप्त कर उसके खिलाफ जुवेनाइल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है, वहीं उसे रिमांड पर भेज दिया गया है। दरअसल पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि बजरंगपारा निगम कॉलोनी निवासी मोह. अलीम उर्फ पावला अपने घर पर किशोर बालकों को बैठाकर ओमनी कंपनी के सुलेशन ट्यूब नशे के रूप में उपयोग के लिए उपलब्ध करा रहा है। टीम द्वारा जब उसके मकान की तलाशी ली गई तो एक प्लास्टिक बोरी में रखे दो कार्टन से कुल 35 नग सुलेशन ट्यूब प्रत्येक 75 एमएल कीमत लगभग 1750 रुपए बरामद हुए। आरोपी ने कबूल किया कि वह राउरकेला ओडिशा से पांच कार्टन सुलेशन लाकर किशोरों को नशा करने के लिए बेचता है। उसके पास से 200 रुपये नकद रकम भी जप्त की गई। गिरफ्तार आरोपी मोह. अलीम उर्फ पावला पिता मोह. शरीफ के खिलाफ अपराध दर्ज कर उसे रिमांड पर भेजा गया है।

### छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना रजत जयंती का शुभारंभ

**सारंगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की रजत जयंती का शुभारंभ मुख्य अतिथि कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रांजल स्कूल के दिव्यांग बच्चे, अशोका पब्लिक स्कूल के छात्राओं और जशपुर जिले के आदिवासी समुदाय ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। सारंगढ़ के आदिम जाति छात्रावास के बालिकाओं ने रंगोली भी बनाई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एस के टंडन, प्रकाश कुमार सर्वे, सीईओ इंद्रजीत बर्मन, एसडीएम अनिकेत साहू आदि उपस्थित थे।

## सारंगढ़ कलेक्टर ने पशुपालन, मत्स्य उद्यानिकी कार्यों की समीक्षा की





हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में पशुपालन, मत्स्य पालन और उद्यानिकी विभाग के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विभागीय अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने गौधाम योजना के तहत प्रत्येक ब्लॉक में सड़क किनारे 10-10 गोठानों का चिन्हांकन करने के निर्देश दिए। साथ ही कृत्रिम गर्भाधान (एआई) को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए कहा कि जिले में अभी तक 6138 गर्भाधान हुए हैं, परंतु केवल 1751 का ही पोर्टल पर एंट्री किया गया है, जिसे तेजी से पूरा किया जाए।

■ सड़क किनारे 10-10 गोठानों का चिन्हांकन होगा

वेटनरी डॉक्टरों की धीमी कार्यशैली पर नाराजगी जाहिर करते हुए उन्होंने ज्यादा से ज्यादा गर्भाधान सुनिश्चित करने को कहा ताकि उच्च नस्ल के गोवंश तैयार हों और दूध उत्पादन बढ़े। उप संचालक पशुधन डॉ. महेन्द्र पांडेय ने कंटेनरों की मांग रखी, जिस पर कलेक्टर ने खनिज न्यास मद से प्रस्ताव भेजने को कहा। उन्होंने मोबाइल वेटनरी यूनिट 1962 की सेवाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने और इसके जरिए टीकाकरण, बधियाकरण, उपचार व कृत्रिम गर्भाधान को बढ़ावा देने पर बल दिया। कलेक्टर डॉ. कन्नौजे ने उद्यानिकी विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि किसानों को धान के बजाय उद्यानिकी फसलों की ओर प्रोत्साहित किया जाए। डोंगरीपाली क्षेत्र में पाम ऑयल, सरसींवा व भटगांव में बैगन तथा बरमकेला में मिर्च व मक्का की खेती को बढ़ाने के निर्देश दिए। मछली पालन विभाग की समीक्षा में उन्होंने छिन्द स्थित शासकीय हेचरी में स्पान व अन्य मछली किस्मों की उत्पादन क्षमता बढ़ाने और तालाबों के पट्टे की संख्या में इजाफा करने को कहा।

### संविदा भर्ती का इंटरव्यू अब 1, 2 और 3 सितंबर को

**सारंगढ़।** कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी एवं सचिव स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय संचालन एवं प्रबंधन समिति जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ द्वारा वॉक इन इंटरव्यू के माध्यम से 36 पदों के लिए संविदा भर्ती विज्ञापन जारी किया गया हैए जिसके तिथि में संशोधन किया गया है। यह जिले की वेबसाइट सारंगढ़ बिलाईगढ़ डॉट सीजी डॉट जीओवी डॉट इन पर उपलब्ध है। वॉक इन इंटरव्यू 25, 26 अगस्त और 27 अगस्त 2025 के स्थान पर अब संशोधित तिथि 1, 2 और 3 सितंबर निर्धारित है। 1 सितम्बर को व्याख्याता भौतिकी, रसायन, जीव विज्ञान सहायक शिक्षक विज्ञान और शिक्षक विज्ञान का वॉक इन इंटरव्यू लिया जाएगा। 2 सितम्बर को व्याख्याता कला वाणिज्य सहायक शिक्षक कला शिक्षक कला, कम्प्यूटर शिक्षक, प्री प्रायमरी शिक्षक का वॉक इन इंटरव्यू लिया जाएगा। 3 सितम्बर को व्याख्याता अंग्रेजी सहायक शिक्षक गणित, अंग्रेजी शिक्षक गणित अंग्रेजी का वॉक इन इंटरव्यू लिया जाएगा।

## श्री रामलला दर्शन योजना के अंतर्गत जिले से 110 श्रद्धालुओं का जत्था रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की महत्वाकांक्षी रामलला दर्शन योजना के तहत रायगढ़ जिले से 110 श्रद्धालुओं का नौवां जत्था बिलासपुर रेलवे स्टेशन के लिए रवाना हुआ। इस योजना के अंतर्गत श्रद्धालुओं को काशी विश्वनाथ और अयोध्या में रामलला के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त होगा।

तीर्थ यात्रा दल में जिले के शहरी क्षेत्रों से 28 एवं ग्रामीण अंचलों से 82 श्रद्धालु शामिल हैं। सभी यात्रियों की पूर्व तैयारी, स्वास्थ्य परीक्षण, भोजन, आवास एवं आवागमन की समुचित व्यवस्था शासन द्वारा सुनिश्चित की गई है। यात्रियों को रायगढ़ से बिलासपुर रेलवे स्टेशन ले जाया गयाए जहां से वे विशेष ट्रेन द्वारा काशी और अयोध्या धाम की ओर प्रस्थान करेंगे। तीर्थ यात्रा को लेकर लोगों में विशेष उत्साह एवं आस्था का वातावरण देखने को मिला। यात्रियों के सहयोग के लिए अधिकारियों की टीम भी जत्थे के साथ रवाना हुई है। जिला प्रशासन द्वारा यात्रियों को विदाई दी गई और उनके सुरक्षित एवं सफल दर्शन की कामना की गई।





**श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री का जताया आभार**

श्रद्धालुओं ने इस सेवा के लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि बचपन से रामायण में रामजन्मभूमि की कहानी सुनते आए हैं लेकिन अब पहली बार उस धरती पर जाने का सौभाग्य मिल रहा है। बहुत ही अद्भुत अनुभव है आंखों में आंसू हैं पर दिल में आनंद है। जीवन में कभी सोचा नहीं था कि अयोध्या में श्रीरामजी के दर्शन नसीब होंगे। हमारे जैसे निम्न आय वर्गों के लिए यह सपना जैसा था। लेकिन मुख्यमंत्री की पहल से यह सपना पूरा होने जा रहा है।

**अब तक 986 श्रद्धालुओं को ले जाया गया**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर रामलला दर्शन योजना के तहत अब तक जिले से 986 श्रद्धालुओं को तीर्थयात्रा पर ले जाया गया है। जिनमें शहरी क्षेत्रों से 250 एवं ग्रामीण क्षेत्रों से 736 श्रद्धालु शामिल है।

## करबाडबरी में वित्तीय समावेशन अभियान





**सरसींवा।** बिलाईगढ़ ब्लॉक के ग्राम करबाडबरी में वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान शिविर का आयोजन किया गया। यह अभियान 1 जुलाई से 30 सितंबर तक भारत सरकार के वित्त विभाग द्वारा चलाया जा रहा है।

शिविर में जनधन खातों की केवाईसी, नए खाते खोलने, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, जीवन ज्योति बीमा एवं अटल पेंशन योजना की जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि आरबीआई रायपुर के महाप्रबंधक मनीष पराशर ने ग्रामीणों को जनधन खातों की महत्ता, डिजिटल धोखाधड़ी से बचाव और महिला समूहों को स्वरोजगार के लिए ऋण लेने हेतु मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर एसबीआई, ग्रामीण बैंक और बैंक ऑफ बड़ौदा के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में जनपद सीईओ प्रतीक प्रधान, बैंक अधिकारी, कियोस्क संचालक, महिला समूह और ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## साक्षरता व शिक्षा को बढ़ावा देने उल्लास रैली का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरमकेला

उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत धरमजयगढ़ में बुधवार को एक भव्य साक्षरता रैली का आयोजन किया गया। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) के प्राचार्य अनिल पैकरा के मार्गदर्शन तथा जिला साक्षरता प्रभारी सपन मंडल के नेतृत्व में निकाली गई इस रैली में शिक्षा के महत्व और साक्षरता को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया।

रैली में डाइट के सभी अकादमिक सदस्य श्रीमती अर्चना एक्का, अनिल गबेल, बृजेश द्विवेदी, अजीत नायक, भूषण प्रधान, संतोष पटेल, तरुण जांगड़े, सौम्या श्रीवास और दिव्या भगत सक्रिय रूप से शामिल हुए। इनके सहयोग से बैनर, पोस्टर, स्लोगन और गीतों के माध्यम से धरमजयगढ़ के साप्ताहिक बाजार में साक्षरता का प्रचार-प्रसार किया गया। इसके अलावा बस स्टैंड धरमजयगढ़ में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया जिसमें डीएलएड के छात्र-शिक्षक शामिल हुए। उन्होंने जनजागरण का उल्लासमय वातावरण बनाकर लोगों को शिक्षा की अनिवार्यता और उपयोगिता के प्रति प्रेरित किया। रैली के दौरान राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की अनुशंसाओं पर आधारित उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के पांच प्रमुख घटक – बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान, महत्वपूर्ण जीवन कौशल, बुनियादी शिक्षा, व्यावसायिक कौशल और सतत शिक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।





## राजस्व प्रकरणों में बार बार पेशी ना दें

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने जिले के राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की और त्वरित निराकरण हेतु स्पष्ट निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि राजस्व मामलों में बार-बार पेशी देने की परंपरा समाप्त होनी चाहिए, किसी भी प्रकरण में दो से अधिक पेशी न दी जाए।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित रहे। कलेक्टर ने विशेष रूप से एक, दो और तीन वर्ष से लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में लगातार नजदीकी तिथि में पेशी तय कर निराकरण करें, ताकि जनता को त्वरित न्याय मिल सके। डॉ. कन्नौजे ने सभी पटवारियों को अपने-अपने हल्का क्षेत्र के गांवों में निर्धारित तिथि और समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कई प्रकरण पटवारी या राजस्व निरीक्षक की रिपोर्ट के अभाव में लटक जाते हैं, जिसे हर हाल में रोका जाए।

**स्कूली बच्चों के प्रमाण पत्र हेतु विशेष अभियान**

कलेक्टर ने खंड शिक्षा अधिकारियों, प्राचार्यों एवं प्रधान पाठकों से समन्वय कर सभी स्कूलों में अध्ययनरत छात्रों के जाति, आय एवं निवास प्रमाण पत्र बनाने हेतु विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्य को शीघ्रता से पूरा किया जाए ताकि विद्यार्थियों को समय पर शैक्षणिक एवं सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके।

### सीधी बैठक में उठी मुआवज़ा, पुनर्वास और रोजगार की मांग

# गारे-पेलमा 2, ग्रामीणों और कंपनी के बीच संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ जिले के ग्राम ढोलनारा में 19 अगस्त को गारे-पेलमा 2 कोयला खदान परियोजना को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें स्थानीय ग्रामीणों और महाजेनको कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच सीधा संवाद हुआ।

इस बैठक का उद्देश्य भूमि अधिग्रहण, विस्थापन और परियोजना से जुड़े सामाजिक-आर्थिक प्रभावों पर चर्चा करना था। बैठक में ग्रामवासियों ने परियोजना के शीघ्र क्रियान्वयन के साथ-साथ प्रभावित परिवारों के लिए उचित मुआवज़ा, रोजगार और पुनर्वास की मांगें स्पष्ट रूप से रखीं। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि मुआवज़ा राशि तत्काल प्रदान की जाए। पुनर्वास की व्यवस्था विस्थापन से पहले सुनिश्चित हो। रोजगार में स्थानीय युवाओं को उनकी योग्यता और कौशल के अनुसार प्राथमिकता दी जाए। विस्थापन की स्थिति में एकमुश्त वित्तीय पैकेज का विकल्प भी दिया जाए। ग्रामीणों ने यह भी जानना चाहा कि मुआवज़ा मिलने के बाद वे कितने समय तक अपनी भूमि पर रह सकेंगे। और कंपनी द्वारा रोजगार कितने वर्षों तक सुनिश्चित रहेगा। इस बैठक में कंपनी अधिकारियों ने आश्वासन देते हुए कहा कि भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया प्रशासन (कलेक्टर और एसडीएम) के समन्वय से चल रही है। प्रशासन से आदेश मिलते ही कंपनी मुआवज़ा राशि जमा कर देगी और वितरण प्रक्रिया आरंभ हो जाएगी।



**बैठक में लगभग 200 ग्रामीण पहुंचे**

बैठक में लगभग 200 ग्रामीणों ने भाग लिया। जिनमें उपसरपंच गुप्ता, पूर्व उपसरपंच संतोष बेहरा, ईश्वर चंद्र गुप्ता, सरोज बेहरा, सुंदर राठिया, भक्ति राठिया, विनय गुप्ता, फुलेश्वर राठिया, मिंकतन भगत, घुराउ भगत, राठू चौहान (कोटवार), रमेश्वर भगत सहित कई प्रमुख ग्रामीण उपस्थित थे। ग्रामीणों ने बैठक के बाद सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और आशा जताई कि प्रशासन और कंपनी उनकी मांगों पर शीघ्र निर्णय लेंगी।





